

सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



युवा रालोद के जिला अध्यक्ष इरकान अली के 3 वर्ष पूरे होने पर पेज: 2

तेलुगु इंडस्ट्री में लोग सिनेमा को सेलिब्रेट करते हैं पेज: 8

वर्ष : 02 | अंक : 175 | मंगलवार 29 सितंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए

मराठवाड़ा में 8 माह में 653 किसानों ने की आत्महत्या 290 परिवारों को नहीं मिली आर्थिक मदद

छत्रपति संभाजी नगर (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में किसान आर्थिक संकट के कारण आत्महत्या कर रहे हैं। कर्ज और मौसम की मार से किसानो की आत्महत्या बढ़ती जा रही है। जनवरी से अगस्त 2026 के बीच आठ महीनों में 653 किसानों ने आत्महत्या की है। औसतन हर दिन करीब तीन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। सबसे अधिक मामले बीड जिले में सामने आए हैं। जिलावार आंकड़ों के अनुसार बीड में 149, छत्रपति संभाजीनगर में 138, धाराशिव में 88, नांदेड में 82, जालना में 61, लातूर में 46, परभणी में 45 और हिंगोली में 44 किसानों की मौत हुई है । सबसे गंभीर स्थिति सरकारी सहायता को लेकर है।उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इन आठ जिलों में करीब 290 किसान परिवारों को अब तक आर्थिक मदद नहीं मिली। बीड में 70, संभाजीनगर में 63, जालना में 31, परभणी में 30, हिंगोली में 20, नांदेड में 30, धाराशिव में 28 और लातूर में 18 परिवार मदद से वंचित हैं। फसल बर्बादी, बारिश की कमी, कर्ज, उत्पादन लागत बढ़ने और उपज का उचित मूल्य नहीं मिलने से किसानों का आर्थिक संकट बढ़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार केवल मुआवजा नहीं, बल्कि सिंचाई, फसल बीमा और कर्ज राहत की प्रभावी व्यवस्था जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार का इस और कोई ध्यान नहीं है। जिसके कारण आत्महत्या करने के लिए किसान विवस हैं।

खुले बोरवेल में गिरी बच्ची हारी जिंदगी की जंग, दस घंटे बाद निकाला बाहर

फरीदाबाद (एजेंसी)। हरियाणा के फरीदाबाद के सीही गांव में एक खुले बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची नेहा जिंदगी की जंग हार गई। करीब दस घंटे तक चले अभियान के बाद सोमवार सुबह करीब चार बजे मासूम को बोरवेल से बाहर निकाला गया। हालांकि, जब उसे बाहर निकाला तब उसके शरीर में कोई हलचल नहीं थी। बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना जिला प्रशासन और नगर निगम की घोर लापरवाही पर सवाल खड़े करती है, जिसकी कीमत एक मासूम को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बच्ची को सुरक्षित निकालने के लिए रविवार रात से ही हरियाणा पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर जुटी हुई थीं। एनडीआरएफ के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें रविवार रात करीब आठ बजे घटना की सूचना मिली, जिसके बाद गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम करीब नौ बजे मौके पर पहुंची। शुरुआत में बचाव दल को बोरवेल के अंदर से बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दे रही थी, जिसने उम्मीद जगाई थी, लेकिन कुछ समय बाद यह आवाज बंद हो गई, जिसने बचाव दल और परिजनों की चिंता बढ़ा दी। बोरवेल की गहराई करीब 300 फीट बताई गई थी, जो बचाव अभियान को बेहद चुनौतीपूर्ण बना रही थी। बचाव दल द्वारा लाए गए सामान्य उपकरणों से बच्ची को बाहर निकालने में सफलता नहीं मिल पा रही थी। ऐसे में, स्थानीय कारपेंटर की मदद से मौके पर ही एक विशेष औजार तैयार किया गया, जिसकी मदद से बच्ची को निकालने के प्रयास किए।

यूपी में गोशाला में 20 गोवंश की मौत, पुलिस ने दर्ज की दो पर एफआईआर

बदायूं(एजेंसी)। यूपी के बदायूं के अभिगांव की गोशाला में गोवंश की मौत के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गोशाला में अव्यवस्थाओं और गोवंश की देखभाल में लापरवाही के साथ पशु क्रूरता और गोवध आरोप में संचालक प्रियंक कौशिक और दानवीर को नामजद किया है। शिकायत में सरकारी धन के दुरुपयोग और गोवंश को समुचित चारा-पानी उपलब्ध न कराने का आरोप भी लगाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभिगांव के प्रशासक सत्यवीर सिंह की ओर से थाना उसावां में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक 26 सितंबर को गोशाला में 428 गोवंश मौजूद थे। इनके भरण-पोषण के लिए शासन से प्रति गोवंश रोज 50 रुपए के हिसाब से धनराशि दी जाती है। शिकायत में बताया गया कि एक जनवरी 2026 से गोशाला शारदा सेवा समिति संचालित कर रही है और इस हिसाब से 21400 रुपए प्रतिदिन और करीब 6.42 लाख रुपए प्रति माह की धनराशि समिति को दी गई थी।

मेघालय में सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस से चार मजदूरों की मौत

मेघालय (एजेंसी)। मेघालय के दक्षिण गारो हिल्स जिले में दुखद घटना सामने आई है, जहाँ एक सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस के संपर्क में आने से असम के चार निर्माण मजदूरों की मौत हुई। यह घटना रंगदोकराम गाँव में सेबेस्टियन सीएच संगमा के घर पर हुई, जहाँ मजदूर एक नए बने सेप्टिक टैंक से जुड़े निर्माण कार्य में लगे थे। रिपोर्टों के अनुसार, दो मजदूरों ने जमीन के नीचे बने टैंक का ढक्कन खोलने की कोशिश की, तभी वे अंदर फंसी जहरीली गैसों की चपेट में आकर अचानक गिर पड़े। उनकी मदद के लिए दौड़े दो अन्य मजदूर भी उन्हीं गैसों का शिकार हो गए और बेहोश हो गए। पुलिस और फायर एंड इमरजेंसी सर्विस की टीमें तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं, लेकिन मजदूरों को बचाना बेहद मुश्किल साबित हुआ।

संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना ही विपक्ष का एकमात्र एजेंडा: जेपी नड्डा

नई दिल्ली , एजेंसी।
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयोग पर लग रहे आरोपों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सहित विपक्षी नेताओं का एकमात्र एजेंडा देश की स्वतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम और कमजोर करना है।



केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि जहां एक ओर 140 करोड़ भारतीय अपनी कड़ी मेहनत से विकसित भारत का संकल्प पूरा कर रहे हैं और दुनियाभर में भारत का नाम हो रहा है, वहीं कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता देश की तरक्की को देखकर निराश और हताश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के सभी झूठे आरोप तथ्यों की कसौटी पर बार-बार गलत साबित हुए हैं। चुनाव आयोग से लेकर देश की सबसे बड़ी अदालतों तक, उनके हर झूठ की पोल खुल चुकी है।
केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा कि जब विपक्ष के पास कोई नीति या विजन नहीं होता, तब वे देश में भ्रम और अराजकता फैलाने के लिए नई-नई साजिशें रचते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले एक झूठी खबर पर पूरे देश में हंगामा खड़ा किया था, और अब जब चुनाव आयोग के सभी सदस्यों ने उनके हर झूठ का पर्दाफाश कर दिया है, तब वे फिर से माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।
नड्डा ने राहुल गांधी को सीधा संदेश देकर कहा, राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें! किसी झूठ को सौ बार दोहराने से वह सच नहीं बन जाता और न ही सच कभी हारता है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी जैसे नेताओं पर देश की स्वतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का आरोप लगाया, इस टूलकिट मानसिकता बताया जो देश के विकास को रोकने के लिए हर सुबह एक नई साजिश रचती है।
नड्डा ने विपक्ष के काम करने के तरीके पर कटाक्ष कर कहा, आरोप लगाना, देश का माहौल खराब करना और भाग जाना, यही विपक्ष काम रह गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को देश की सुरक्षा, जन-कल्याण या देश के सम्मान और प्रतिष्ठा की कोई परवाह नहीं है। उनका एकमात्र मकसद सत्ता हासिल करना, परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा देना और अपना निजी फायदा उठाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनता ने अतीत में देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश करने वाली ताकतों को करारा सबक सिखाया है।

केसी वेणुगोपाल के खिलाफ मानहानिकारक फेसबुक पोस्ट, 5 पर केस

– मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर हुए थे पोस्ट, घृणा फैलाने और शांति भंग करने का आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को फेसबुक पर निशाना बनाकर मानहानिकारक और आपत्तिजनक सामग्री साझा करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अलप्पुझा साइबर पुलिस ने अधिवक्ता जॉनसन अब्राहम की शिकायत पर यह कार्रवाई की, जिसकी जानकारी सोमवार को मिली। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने 11 मई से 19 जुलाई के बीच वेणुगोपाल के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक पोस्ट किए। इनका उद्देश्य लोगों में उनके प्रति घृणा पैदा करना और सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए उकसाना था। ये पोस्ट तब किए गए थे जब यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की विधानसभा चुनाव जीत के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चाएं जारी थीं और वेणुगोपाल का नाम भी संभावितों में शामिल था। आरोप है कि आरोपियों ने उनकी उम्मीदवारी का विरोध करते हुए सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री साझा की थी। पांचों आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और केरल पुलिस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज हुआ है। उन पर वैमनस्य फैलाने के इरादे से झूठी जानकारी फैलाने, दंगा होने की आशंका के बावजूद उकसाने और उपद्रव करने के आरोप हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों और उनके पोस्ट से जुड़ी जानकारी एकत्र कर ली गई है, और जल्द ही उनसे पूछताछ की जाएगी।

केजरीवाल ने पीएम मोदी को दिए जेन-जी से जुड़ने के महत्वपूर्ण टिप्स



नई दिल्ली , एजेंसी।
आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को वीडियो संदेश जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जेन-जी से बेहतर ढंग से जुड़ने के लिए कुछ नए टिप्स दिए। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी के जेन-जी से जुड़ने के वर्तमान प्रयासों, जैसे आधी रात को रील बनाना या भजन क्लबिंग में जाना, को नौटंकी बताकर कहा कि इससे जेन-जी प्रभावित नहीं हो रहा है। उन्होंने हाल ही में दिल्ली के तिलक नगर में हुई घटना का जिक्र किया। उनके अनुसार, रेखा गुप्ता सरकार के एक मंत्री ने हाथ से टूट रही सड़क का विरोध कर रहे जेन-जी के युवक को कथित तौर पर थप्पड़ मार दिया। केजरीवाल ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताकर प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किया कि ऐसी घटनाओं के बाद युवा कैसे जुड़े।
आप प्रमुख केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को सलाह दी कि यदि वे वास्तव में जेन-जी का विश्वास जीतना चाहते हैं, तब उन्हें तुरंत उस मंत्री को गिरफ्तार करना चाहिए और भ्रष्टाचार में लिप्त सड़क निर्माणकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ऐसा करने से प्रधानमंत्री को रील बनाने या भजन क्लबिंग जैसे दिखावों की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बल्कि पूरे देश का जेन-जी स्वाभाविक रूप से पीएम मोदी से जुड़ जाएगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस को मामले में मंत्री को बचाने के लिए ऊपर से आदेश मिले हैं। उन्होंने जोर दिया कि जेन-जी ईमानदारी, सीधापन और सच्चाई की उम्मीद करता है, न कि भ्रष्टाचार को बचाने की।

चिराग को 'शर्मिंदगी' हो रही है, तो फिर इस्तीफा देने में किस मुहूर्त का इंतजार

–आरजेडी नेता रोहिणी आचार्य ने केंद्रीय मंत्री पासवान पर कसा तंज

पटना, एजेंसी।
आरजेडी नेता रोहिणी आचार्य ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान पर हमला बोला। उन्होंने पासवान से तीखा सवाल किया कि वे इस्तीफा देने के लिए किस शुभ मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। बता दें बिहार में बढ़ते अपराध पर चिराग पासवान के हालिया बयान के बाद राजनीति गरमा गई है। चिराग पासवान ने अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने राज्य में बेलगाम अपराध और महिलाओं की असुरक्षा पर गहरी नाराजगी जताई थी। चिराग ने साफ कहा था कि उन्हें ऐसी सरकार का समर्थन करने में शर्मिंदगी महसूस हो रही है। उनके इसी बयान को लेकर अब रोहिणी ने उन पर तंज कसा।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोहिणी आचार्य ने फेसबुक पोस्ट के जरिए चिराग पासवान की नीयत पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा- 'शर्म' का भारी बोझ उठाकर भी सत्ता की



मलाई खाते रहना कोई चिराग पासवान जी से सीखे, जब बिहार बहन-बेटियों के लिए पूरी तरह असुरक्षित हो चुका है और चिराग को सरकार में रहने से 'शर्मिंदगी' हो रही है, तो फिर वे पद छोड़ने की हिम्मत क्यों नहीं दिखा रहे हैं? वे किस मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं? रोहिणी ने चिराग पर ड्रामा करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा- सिर्फ बयानों में झूठा दुख जताना और मगरमच्छ के आंसू बहाना चिराग पासवान का पुराना तरीका है, जब सब कुछ इतना असहनीय और शर्मनाक है, तो फिर इस्तीफा पत्र पर दस्तखत करने में क्या हर्ज है? क्या वे इस्तीफा देने के लिए किसी से एनओसी मिलने का इंतजार कर रहे हैं? बता दें चिराग पासवान ने बिहार पुलिस और प्रशासन को सीधे तौर पर कटघरे में खड़ा किया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस-प्रशासन पूरी तरह निकम्मा हो चुका है। अब अधिकारियों के बस में बिहारियों को सुरक्षित रखना नहीं रह गया है। चिराग ने तल्ख लहजे में कहा था कि उन्हें इस बात का गहरा दुख है कि वे एक ऐसी सरकार का समर्थन कर रहे हैं, जहां अपराध बेलगाम है। समय रहते इस पर कड़ा एक्शन लेना होगा। वरना बिहार और बिहारियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ का अंजाम बहुत बुरा होगा। इस बयान के बाद रोहिणी ने उन पर जुबानी हमला बोला।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते अपराध पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, निर्भया कांड की यादें ताज़ा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर में हाल के दिनों में सामने आई बलात्कार और यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है। जस्टिस जे.बी.पारडीवाला और के. विनोद चंद्रन की बेंच ने इन घटनाओं को देखकर 2012 के निर्भया कांड की दर्दनाक यादें ताज़ा होने की बात कही है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से इन मामलों को कानून लागू करने वाली एजेंसियों की नाकामी बताया है।
जस्टिस पारडीवाला ने टिप्पणी की कि पार्क, बस और अन्य सार्वजनिक स्थानों को खराब रोशनी, कमजोर निगरानी या आवश्यक प्रशासनिक सुविधाओं की कमी के चलते खतरनाक जगह नहीं बनने दिया जा सकता। उन्होंने जोर दिया कि इसतरह के मामलों के सामने आने के बाद नागरिकों की एकजुटता जताना काफी नहीं है, बल्कि अधिकारियों की जवाबदेही तय करना अधिक जरूरी है। इन गंभीर टिप्पणियों के बाद, कोर्ट ने इस पूरे मसले और इन घटनाओं के बाद सामने आई व्यवस्था की कमियों पर विचार करने के लिए स्वत: संज्ञान केस दर्ज करने का निर्देश दिया।
कोर्ट ने खास तौर पर 4 अगस्त को ग्रेटर नोएडा से दिल्ली आ रही एक 16 वर्षीय नाबालिग के साथ चलती स्लीपर बस में हुए सामूहिक बलात्कार का ज़िक्र किया, जहाँ बस पर 11 ट्रैफिक चालान थे और सीसीटीवी भी काम नहीं कर रहा था। इसके अलावा, दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के एक पार्क में 17 वर्षीय लड़की के साथ 3 आरोपियों द्वारा गैंगरेप का मामला भी सामने आया था। दिल्ली पुलिस ने इसके बाद खराब रोशनी वाले इलाकों और बंद सीसीटीवी की पहचान कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं।

दिल्ली कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण और तोमर को जारी किया नोटिस

–बरी किए जाने के फैसले को महिला पहलवानों ने दी है चुनौती, अब 9 को होगी सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को यौन उत्पीड़न के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को नोटिस जारी किया। इस मामले में बृजभूषण को बरी किए जाने के फैसले को महिला पहलवानों ने चुनौती दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विजय सिंह ने सोमवार को चार महिला पहलवानों की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान सेशन कोर्ट ने बृजभूषण के साथ डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को भी नोटिस भेजा। इस मामले में अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बृजभूषण शरण सिंह और महिला पहलवानों के बीच यह विवाद 2023 में सामने आया था। कई नामी महिला पहलवानों ने आरोप लगाया था कि 2016 से 2022 के बीच बृजभूषण



की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रेनिंग कैंप, डब्ल्यूएफआई कार्यालय और अन्य स्थानों पर उनके साथ अनुचित व्यवहार और यौन उत्पीड़न किया गया। इस मामले में डब्ल्यूएफआई के पूर्व सचिव विनोद तोमर को सह-आरोपी बनाया। महिला पहलवानों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। 3 अगस्त को मामले में दिल्ली की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बृजभूषण और विनोद तोमर को बरी कर दिया। चार महिला पहलवानों ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के 3 अगस्त के आदेश के खिलाफ सेशन कोर्ट का रुख किया है। इस मामले में सह-आरोपी विनोद तोमर की बरी होने के आदेश को भी चुनौती दी गई है।
याचिका में कहा गया कि मजिस्ट्रेट कोर्ट का आदेश कानून की नजर में टिकाऊ नहीं है और सबूतों का गलत व चुनिंदा तरीके से आकलन किया गया है। महिला पहलवानों का कहना है कि आदेश में पीड़िता के व्यवहार को लेकर पुरानी रूढ़िवादी सोच को आधार बनाया गया है। याचिका के मुताबिक ट्रायल कोर्ट ने गवाहों के समर्थन वाली पूरी तस्वीर देखने के बजाय छोटी-छोटी और गैर-जरूरी गलतियों पर ध्यान केंद्रित किया और उन्हीं के आधार पर बृजभूषण सिंह के खिलाफ पूरे मामले को खारिज कर दिया।

मुख्यमंत्री फडणवीस किसानों के मुद्दे सुलझाएं या ईसी के प्रवक्ता बनें : कांग्रेस

मुंबई , एजेंसी।
महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर तीखा हमला कर कहा है कि अगर वह राज्य के सूखा प्रभावित किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकते, तब उन्हें इस्तीफा देकर निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता के तौर पर काम करना चाहिए। कांग्रेस नेता सपकाल का यह बयान राहुल गांधी की आलोचना के जवाब में आया है, जिसमें फडणवीस ने उन पर निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कमजोर करने और अराजकता फैलाने का आरोप लगाया था। सीएम फडणवीस ने विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों को निराधार बताकर कहा था कि तीनों निर्वाचन आयुक्तों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े फैसले सर्वसम्मति से लिए थे। इस पर सवाल उठाकर सपकाल ने पूछा कि क्या फडणवीस निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता हैं और वह कांग्रेस द्वारा आयोग से पूछे गए सवालों का जवाब क्यों दे रहे हैं। दरअसल एक खबर के बाद, कांग्रेस और कई अन्य दलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है। खबर में दावा था कि दो निर्वाचन आयुक्तों ने बीते 10 महीनों में करीब 14 बार एसआईआर प्रक्रिया को लेकर निर्वाचन आयोग के तरीकों पर औपचारिक आपत्ति जाहिर की थी। सपकाल ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए गए सवालों से चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता का मुद्दा केंद्र में आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता सवालों का तथ्यों के साथ जवाब देने के बजाय राहुल गांधी की व्यक्तिगत आलोचना कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने जोर दिया कि मुख्यमंत्री को निर्वाचन आयोग का बचाव करने के बजाय महाराष्ट्र की जनता से जुड़े मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने अपनी बात दोहराई, कि अगर फडणवीस इन मुद्दों का समाधान नहीं कर सकते, तब उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर पूर्णकालिक रूप से निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता के तौर पर काम करना चाहिए।

दीपके के गुरु कौन हैं? सीजेपी में पर्दे के पीछे बड़ी भूमिका

जंतर-मंतर आंदोलन संभालने का भी दावा

नई दिल्ली, एजेंसी।
कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक और राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके के राजनीतिक मार्गदर्शक को लेकर चर्चा तेज हो गई है। एक वीडियो कॉल की सामने आई बातचीत में सीजेपी के सह संयोजक आशुतोष रांका और खुद अभिजीत दीपके ने बताया कि आजिंक्य शिंदे लंबे समय से दीपके के मेंटर रहे हैं। दोनों के मुताबिक, शिंदे पार्टी के गठन से पहले भी दीपके को सलाह देते रहे हैं और अब संगठन में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।
वीडियो में रांका ने कहा कि आजिंक्य शिंदे, दीपके के सीजेपी में आने से पहले से ही उनके मेंटर हैं। उन्होंने नीट पेपर लीक के खिलाफ जंतर-मंतर पर हुए आंदोलन में शिंदे की भूमिका का जिक्र किया। रांका के मुताबिक, मंच पर दीपके और अन्य नेता लोगों से संवाद कर रहे थे, जबकि प्रदर्शन के प्रबंधन की जिम्मेदारी शिंदे खुद संभाल रहे थे। दीपके ने भी शिंदे की भूमिका को लेकर रांका की बात से सहमति जाहिर की है। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान शिंदे ने वॉलेंटियर्स की टीम तैयार करने, भीड़ के प्रबंधन और पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दीपके के मुताबिक, इसी आंदोलन के दौरान देशभर में काम करने वाली वॉलेंटियर्स की टीम तैयार हुई।

कौन हैं आजिंक्य शिंदे?

आजिंक्य शिंदे पहले आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़े रहे हैं। महाराष्ट्र में वह पार्टी की युवा इकाई में जिम्मेदारी संभाल चुके हैं और गोवा के सह-प्रभारी भी रहे हैं। बाद में उन्होंने सीजेपी का रुख किया। सीजेपी में शिंदे को राष्ट्रीय संगठन की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के विस्तार और संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी भूमिका अहम है। दीपके और शिंदे दोनों महाराष्ट्र से आते हैं और लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं। पार्टी से जुड़े लोगों के अनुसार, शिंदे सार्वजनिक तौर पर कम नजर आते हैं और संगठनात्मक रणनीति तथा जमीनी गतिविधियों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। इसी वजह से सीजेपी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होने के बावजूद उनकी सार्वजनिक पहचान अपेक्षाकृत सीमित है।



भाकियू (शंकर) के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ को सौंपा, जताया आक्रोश



रहरा/अमरोहा (सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत रविवार को ब्लॉक गंगेश्वरी प्रांगण रहरा में आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्र के किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संभल ओमवीर सिंह ने की, जबकि संचालन युवा ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी ने किया। किसानों ने एक स्वर में कहा कि उनकी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हो रहा है। पंचायत के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित 9 सूत्रीय मांग पत्र खंड विकास अधिकारी गंगेश्वरी को सौंपा गया। भाकियू शंकर ने मांग की है कि गंगेश्वरी क्षेत्र में सिरसा एतमाली से सिलारा होते हुए हरि बाबा धाम तक जाने वाला रास्ता कच्चा होने से सावन में लाखों कावड़ यात्रियों को भारी परेशानी होती है। बांध का सर्वे कराकर रास्ता पक्का कराया जाए। किसानों ने गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग उठाई। कहा कि चीनी मिलें चीनी 65 रुपये किलो तक बेच रही हैं, लेकिन किसान को लागत भी नहीं मिल रही। बेमौसम बारिश से गन्ना, धान, उड़द, मूंग आदि फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिसका सर्वे कराकर 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मुआवजा दिया जाए। आवारा पशुओं से फसलें बर्बाद हो रही हैं, जबकि करोड़ों की लागत से बनी गौशालाएं शोपीस बनी हुई हैं। मां मन्वंतिका देवी मंदिर के सामने पैंटून पुल के स्थान पर पक्का पुल, इलेक्ट्रॉनिक शवदाह गृह और हरिद्वार की तर्ज पर सौंदर्यीकरण की मांग की गई। इसके अलावा अमरोहा को विकास प्राधिकरण का दर्जा देने, गजरौला में ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने, 33 केवीए बिजली घर चचौरा से जुड़े रहरा व आदमपुर फीडरों पर रात में हो रही अघोषित कटौती बंद करने, माध्यमिक विद्यालयों के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का जुलाई से लंबित वेतन देने और गंगेश्वरी ब्लॉक में बीडीओ की स्थाई तैनाती की मांग प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र कुमार, ब्लॉक उपाध्यक्ष शीशपाल सिंह, कोषाध्यक्ष कमल ठाकुर, मीडिया प्रभारी राकेश कुमार दौरारा, नहीम, भागमल, राधे कृष्ण, धनपत सिंह, चरण सिंह, अतर सिंह, जयप्रकाश गुप्ता आदि किसान मौजूद रहे।

युवा रालोद के जिला अध्यक्ष इरकान अली के 3 वर्ष पूरे होने पर अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के तहसील कंपाउंड हसनपुर स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता एवं राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने युवा रालोद के जिला अध्यक्ष इरकान अली के 3 वर्ष पूरे होने पर फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।
इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, बार के पूर्व अध्यक्ष श्यौराज सिंह राणा, महिपाल सिंह, सुबोध शर्मा, वीर सिंह एडवोकेट, नसीम सुल्तान, सरफराज अहमद, अनिल कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।
उल्लेखनीय है कि हसनपुर तहसील के ग्राम गारबपुर निवासी इरकान अली को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह द्वारा सोमवार को युवा रालोद अमरोहा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तब से वह निरंतर इस पद पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

फैमिली आईडी में नाम जुड़वाने को डेढ़ महीने से भटक रही महिला, जिलाधिकारी से की शिकायत

हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- सरकार द्वारा जनसुविधाओं को पारदर्शी और सुलभ बनाने के लिए शुरू की गई ऑनलाइन व्यवस्थाएं विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के कारण आम जनता के लिए जी का जंजाल बनती जा रही हैं। ताजा मामला हसनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम भदौरा का है, जहां एक महिला को अपनी फैमिली आईडी में बेटे का नाम जुड़वाने के लिए डेढ़ महीने से दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। पीड़ित महिला मंजू शर्मा पत्नी कृष्ण कुमार शर्मा ने जिलाधिकारी अमरोहा को शिकायती पत्र भेजकर संबंधित विभागीय अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने करीब डेढ़ माह पूर्व अपने पुत्र अतुल शर्मा का नाम फैमिली आईडी में जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। नियमानुसार जो कार्य महज दो दिनों में पूरा हो जाना चाहिए था, वह डेढ़ महीने बाद भी अटका हुआ है। महिला ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराने, लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा ऑनलाइन व्यवस्था को समयबद्ध तरीके से संचालित कराने की मांग की है, ताकि आम जनता को ऑनलाइन सेवाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन घनश्याम सिंह के गैर जनपद स्थानान्तरण पर विदाई समारोह आयोजित



अमरोहा (सब का सपना):- सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अमरोहा स्थित सभागार कक्ष में प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन घनश्याम सिंह के गैर जनपद स्थानान्तरण होने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव द्वारा घनश्याम सिंह को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उनके द्वारा जनपद अमरोहा में किए गए कार्यों एवं सेवाओं की सराहना करते हुए आगामी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा अखिलेश भदौरिया सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ की समीक्षा



अमरोहा (सब का सपना):- भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा उत्तर प्रदेश विधान परिषद के बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 हेतु 22 सितम्बर, 2026 को निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद में 23 अक्टूबर, 2026 को मतदान होगा। इसी क्रम में बरेली-मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 की विभिन्न गतिविधियों को सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर डॉ0 नितिन गौड़ द्वारा नियुक्त प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ सोमवार को गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट, अमरोहा में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने सभी प्रभारी अधिकारियों एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए उन्हें आवंटित कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध एवं संवेदनशील प्रकृति के हैं, इसलिए इनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह सहित प्रभारी अधिकारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत नगर पालिका परिषद गजरौला और ITC मिशन सुनहरा कल के सौजन्य से सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर; अधिकारियों व सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य चेकअप पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ समापन। बता दें कि सोमवार को शासन के निदेर्शों के क्रम में 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत विकसित भारत थीम पर आज दिनांक 28 सितंबर 2026 को नगर पालिका परिषद गजरौला एवं ITC मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य ह्यसफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गजरौला में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे पालिका अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी, पूर्व विधायक एवं स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह तथा अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देना रहा। शिविर के दौरान अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य, नगर पालिका के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों और बड़ी संख्या में उपस्थित सफाई मित्रों का चिकित्सकीय स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. अजीत एवं उनकी चिकित्सीय टीम ने सभी का स्वास्थ्य चेकअप कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य टीम द्वारा सफाई मित्रों को नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों (पीपीई किट, ग्लव्स, मास्क आदि) के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। पूर्व विधायक नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह ने नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाई मित्रों के अमूल्य और अनवरत योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पीएम सूर्य घर योजना की समीक्षा बैठक में लक्ष्य समयबद्ध पूर्ण करने के मुख्य विकास अधिकारी ने दिए निर्देश



अमरोहा (सब का सपना):- मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत विभागों को जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, उन्हें शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र लाभार्थियों को योजना के लाभ एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत लक्ष्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में योजना की प्रगति, प्राप्त लक्ष्य, लंबित प्रकरणों तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं तथा शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने पंजीकृत विलेखों का किया स्थलीय निरीक्षण, दो मामलों में स्टाम्प शुल्क करापवंचन मिला



अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ द्वारा शासन के निदेर्शों के क्रम में कार्यालय उप निबन्धक, सदर अमरोहा में पंजीकृत चार विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उप निबन्धक, सदर अमरोहा एवं क्षेत्रीय लेखपाल के चिन्हांकन के आधार पर सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, अमरोहा के साथ संपन्न हुआ। निरीक्षण के दौरान लेख पत्र संख्या-12544, मोहल्ला मढैया रफातपुर अमरोहा खास बहारचुंगी अमरोहा,लेखपत्र-12535, ग्राम निजामपुर गर्वी, लेखपत्र संख्या-14092, अमरोहा खास बाहरचुंगी अमरोहा नूरपुर रोड, अमरोहा और लेखपत्र संख्या-13604, अमरोहा खास बाहरचुंगी देखे गए। जांच में दो विलेखों में पक्षकारों द्वारा तथ्य छिपाकर 89200 की स्टाम्प शुल्क करावपंचन पाए जाने की पुष्टि हुई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार वाद दर्ज कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने निर्देशित किया कि उप निबन्धक कार्यालयों में पंजीकृत विलेखों की गुणवत्ता एवं विधिसम्मत जांच सुनिश्चित की जाए तथा राजस्व हितों की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार की अनियमितता पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन



अमरोहा (सब का सपना):- मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद अमरोहा की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संस्थागत प्रसव के उपरांत जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को निर्धारित समयावधि में भुगतान न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी लाभार्थी को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मच्छर जनित एवं संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि जनपद में स्वच्छता अभियान, नालियों की नियमित सफाई, जलभराव की स्थिति का तत्काल निस्तारण तथा जनजागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अंतरविभागीय अभिसरण एवं संवेदीकरण कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यशाला में सुरक्षित गर्भसमापन से संबंधित प्रावधानों, महिलाओं के स्वास्थ्य एवं अधिकारों, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा आमजन में जागरूकता बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र महिलाओं तक आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं एवं परामर्श की सुविधा समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने तथा सुरक्षित गर्भसमापन के संबंध में जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, ई-संजीवनी ओपीडी, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, मातृ मृत्यु समीक्षा, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा आमजन को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारी निरंतर अनुश्रवण करते रहें।
बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमाकांत सागर, डॉ. अवनीश भंडारी, डॉ. योगेन्द्र, डॉ. विशाल त्रिवेदी, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. जस्ाकरन सिंह, डॉ. अपूर्वा, डीपीएम मुहम्मद आलम, डीसीपीएम मुकर्रब हुसैन, विपुल कुमार, सरिता कन्नौजिया, अभिषेक वर्मा, अब्दुल कादिर, ब्रजमोहन, गिरीश कुमार, संजय भाटी, समस्त एमओआईसी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फसल क्षति का संयुक्त कृषि निदेशक ब्यूरो ने किया स्थलीय निरीक्षण



अमरोहा (सब का सपना):- कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश के संयुक्त कृषि निदेशक ब्यूरो अखिलेश सिंह ने जनपद में फसल क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने विकासखंड गजरौला के ग्राम झनकपुरी में गन्ने की फसल तथा विकासखंड जोया के ग्राम नारंगपुर में धान की फसल का निरीक्षण कर फसल क्षति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संयुक्त कृषि निदेशक ब्यूरो ने निर्देशित किया कि फसल बीमा योजना से आच्छादित किसान फसल क्षति की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। वहीं, जिन किसानों ने फसल का बीमा नहीं कराया है

और उनकी फसल को नुकसान हुआ है, वे संबंधित लेखपाल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कराएं। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार, संबंधित एडीओ कृषि एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश में एग्रीगेटर एवं डिलीवरी सेवा प्रदाताओं के लिए लाइसेंस अनिवार्य



अमरोहा (सब का सपना):- उत्तर प्रदेश मोटरयान (समूहक और वितरण सेवा प्रदाता) नियमावली, 2026 के अनुसार अब राज्य में समूहक (एग्रीगेटर), वितरण सेवा प्रदाता और ई-कॉमर्स इकाइयों के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।नियमावली के प्रावधानों के तहत ऐसे सभी समूहक, वितरण सेवा प्रदाता एवं ई-कॉमर्स इकाइयाँ, जिन्होंने दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया यात्री वाहनों तथा बसों को अपने प्लेटफॉर्म पर ऑनबोर्ड किया है, उन्हें राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश से अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) लेना आवश्यक है। इसी प्रकार वे सभी वितरण सेवा प्रदाता भी, जिन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य के भीतर संचालन हेतु किसी भी श्रेणी के वितरण यानों को ऑनबोर्ड किया है, लाइसेंस प्राप्त करने के लिए बाध्य हैं। अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन पत्र राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित पोर्टल upmyfleet.com पर ऑनलाइन माध्यम से जमा किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि नियमावली में विहित व्यवस्था के अनुसार लाइसेंस प्राप्त किए बिना संचालन करने की स्थिति में संबंधित पक्षकारों के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।
यह व्यवस्था यात्री एवं वितरण सेवाओं को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। सभी संबंधित इकाइयों से अपेक्षा की गई है कि वे निर्धारित समय-सीमा में पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर लाइसेंस प्राप्त कर लें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

कार्यालय ग्राम पंचायत जटपुरा विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांकः 28.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जटपुरा विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.09.2026 से 05.10.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 05.10.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्युपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्युपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
23	सेनेटरी सामग्री	प्रति नग/वर्गमी०	
24	बिजली उपकरण	प्रति नग	
25	लोहे का फेंसिंग तार	प्रति वर्ग मी०	
26	फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन	प्रति नग	
27	सी०सी० डेस्क बेंच	प्रति नग	
28	डस्टबीन/सामुदायिक शौचालय मरम्मत	प्रति नग	
29	कूडा गाडी/ठेली एवं सफाई किट	प्रति नग	
30	सोडियम, हाईक्लोराईड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रामक रोधक दवाएं	प्रति किलो/पैकेट	
31	प्राईमर लोहा लकड़ी	प्रति ली०	
32	डिस्टैम्पर वाल पुट्टी, पेंट समोसम आदि	प्रति किलो	
33	पी०वी०सी० पाईप एवं जी०आई० पाईप हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
34	हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
35	हैण्डपम्प रिबोर सामग्री	प्रति रनिंग मीटर	
36	प्लाई एवं माईका	प्रति वर्ग फुट	
37	आर०सी०सी० पाईप/ह्यूमपाईप	प्रति रनिंग मीटर	
38	वाटर कूलर आर०ओ० सहित	प्रति नग	
39	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति फुट	
40	इन्सीनेटर	प्रति नग	
41	प्लम्बिंग सामग्री	प्रति नग	
42	ओपन जिम खेल मैदान उपकरण/बारात घर निर्माण मरम्मत	प्रति नग	
43	इलेक्ट्रिशियन कार्य सामग्री	प्रति नग	
44	लोहे का गेट व खिड़की	प्रति नग	

नोट-01-यदि किसी फर्म/सप्लायर आपूर्तिकर्ता के लिये कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो सम्बन्धित को उसकी भी कार्यवाही के मानको को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।
02- समान दरे होने पर ग्राम पंचायत एक से अधिक फर्मो को सामग्री आपूर्ति के लिये अधिकृत कर सकती है।

ग्राम प्रशासक, ग्राम पंचायत जटपुरा
विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा

सचिव, जटपुरा
विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा

कार्यालय ग्राम पंचायत मिल्क अख्तियारपुर विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2026 दिनांकः 28.09.2026

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिल्क अख्तियारपुर विकासखंड धनोरा जनपद अमरोहा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अनुसार छठा राज्य वित्त, 16 वां वित्त मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) ओ0डी0एफ0 प्लस, आर0जी0एस0ए0, पंचायत पुरस्कार से प्राप्त धनराशि, बहुउद्देशीय पंचायत घर योजना अन्य मद से निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द सीलबन्द निविदाये/कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.09.2026 से 05.10.2026 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बाक्स में सीलबन्द निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते है जोकि दिनांक 05.10.2026 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बन्धित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी जोकि ग्राम पंचायत को समय-समय प्राप्त आवंटित पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रशासक एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 पंजीकरण सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरे पी0डब्लू0डी0 की दरो के अनुरूप पी0डब्लू0डी0 के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र०सं०	सामग्री का नाम	यूनिट/मात्रा	दर
1	सीमेन्ट	प्रति बैग/टन	
2	बालू रेत	घन मी०	
3	बजरफुट	घन मी०	
4	20 एम०एम० बजरी	घन मी०	
5	40 एम०एम० ईंट रोड़ी	घन मी०	
6	ईंट प्रथम श्रेणी एम०-150	प्रति नग/हजार	
7	ईंट बालवार एम-275	प्रति नग/हजार	
8	इंटरलाक टाईल्स 80 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
9	इंटरलाक टाईल्स 60 एम०एम०	प्रति नग/हजार	
10	पंचायत भवन के ऑफिस इक्युपमेंट / पंचायत घर मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
11	पुस्तकालय इक्युपमेंट/मरम्मत	प्रति नग/यूनिट	
12	दीवार टाईल्स	वर्ग मीटर	
13	फर्श टाईल्स	वर्ग मीटर	
14	सरिया	प्रति कुन्तल	
15	लोहे की एंगल/पाईप	प्रति कुन्तल	
16	लोहे का जाल	प्रति कुन्तल	
17	सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर	वर्ग मीटर/नग	
18	मिट्टी दूरी सहित	घन मी०	
19	लकड़ी के दरवाजे /कमर्शियल/टिम्बर/प्लाई	प्रति नग	
20	सोलर लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
21	स्ट्रीट लाईट नया/मरम्मत उपकरण	प्रति नग	
22	ई-रिक्शा	प्रति नग	
वक्ताओं ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और बच्चों को अपने जीवन में और अधिक मेहनत करके आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत विकास परिषद का उद्देश्य छात्रों को मोडीवेट करना है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि शंकर दुबे ने की और संचालन संस्था के सचिव विवेक शर्मा ने किया।

वहीं इस मौके पर गजरौला के पूर्व अध्यक्ष रोहतास शर्मा ,डॉक्टर रवि भूषण शर्मा, डॉक्टर राजीव शुक्ला ,सभासद देवेश शर्मा ,पूर्व सभासद देशवीर सिंह, अनिल अग्रवाल, ओम प्रकाश शर्मा ,संजय शर्मा ,समीर प्रभाकर सहित दर्जनों से अधिक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने वृद्धाश्रम का किया औचक निरीक्षण





सम्भल (सब का सपना):- जनपद के चंदौसी स्थित रामबाग रोड पर समाज कल्याण विभाग लखनऊ द्वारा सहायता प्राप्त आवासीय वृद्धाश्रम का जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए। जनहितकारी सेवा समिति द्वारा संचालित इस संस्था में पहुंचकर जिलाधिकारी ने सबसे पहले आश्रम में रह रहे बुजुर्गों की कुल संख्या और उनकी देखभाल से जुड़े आंकड़ों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक औपचारिकताएं छोड़कर सीधे बुजुर्गों के कमरों का रुख किया और वहां का माहौल देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न कक्षों में जाकर निवासरत बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उनसे सीधे पूछा कि उन्हें समय पर भोजन पेयजल और अन्य दैनिक सुविधाएं मिल रही हैं या नहीं। उन्होंने बुजुर्गों के स्वास्थ्य जांच नियमित इलाज और दवाओं की उपलब्धता की स्थिति भी परखी। जिलाधिकारी ने संचालकों और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बुजुर्गों के मनोरंजन के लिए टीवी रूम की समुचित व्यवस्था की जाए और मच्छरों से बचाव के लिए हर बिस्तर पर मच्छरदानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। बदलते मौसम और बीमारियों के खतरे को देखते हुए उन्होंने वृद्धाश्रम परिसर में नियमित फॉगिंग कराने और रोजाना स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और खानपान का स्तर हमेशा ऊंचा रहना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां रह रहे असहाय बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी हर छोटी बड़ी जरूरत का विशेष ध्यान रखा जाए। इस औचक निरीक्षण के मौके पर उप निदेशक कृषि अरुण कुमार त्रिपाठी और उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

तेज रफ्तार स्विफ्ट ने बाइक में पीछे से मारी टक्कर, चार घायल

दंपती और दो मासूम सड़क पर गिरे, महिला की हालत गंभीर,कार पलटने के बाद चालक फरार





बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद में सोमवार शाम करीब पांच बजे बबराला-बहजोई मार्ग पर सुगंध वाटिका पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने आगे चल रही बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दंपती और उनके दो मासूम बच्चे घायल हो गए। टक्कर के बाद कार भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घायल महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव अमावती खिरनी निवासी सुरेंद्र (35) पुत्र छत्रपाल सोमवार को अपनी पत्नी नीरज (30) और दो छोटे बच्चों निर्देश (करीब तीन वर्ष) व हरदेश (करीब दो वर्ष) के साथ बाइक से अपनी ससुराल गांव सादातबाड़ी से घर लौट रहे थे। परिवार बबराला-बहजोई मार्ग से होकर गुजर रहा था। इसी दौरान सुगंध वाटिका पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज गति में आई स्विफ्ट कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। अचानक हुई टक्कर से बाइक अनियंत्रित हो गई और उस पर सवार चारों लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे में दंपती समेत दोनों मासूम बच्चे घायल हो गए। वहीं बाइक को टक्कर मारने के बाद स्विफ्ट कार भी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को सड़क से उठाकर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से चारों घायलों को उपचार के लिए बहजोई के बांके बिहारी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि तीन घायलों को कम चोटें आई हैं, जबकि महिला नीरज की हालत गंभीर बनी हुई है। दो मासूम बच्चों के घायल होने की सूचना से परिवार में चिंता का माहौल है। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बहजोई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मालिक ने बताया कि अभी पीड़ित परिवार की ओर से कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त स्विफ्ट कार और बाइक को कब्जे में ले लिया गया है। फरार कार चालक की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार, हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

हादसे में घायल युवक के लिए देवदूत बने एंबुलेंस कर्मी

इलाज के साथ घायल के 3020 रुपये भी रखे सुरक्षित, परिजनों को लौटाए

बहजोई/संभल(सब का सपना):- जनपद में आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर रविवार शाम धनारी थाना क्षेत्र के गांव उधरनपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा के ईएमटी विजयपाल सिंह और पायलट विकास तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद सीएचसी बहजोई पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, नितिन पुत्र जयप्रकाश (27) निवासी गांव सिजावली, सहसवान, जनपद बदायूं हाल में बहजोई में रह रहा है। रविवार शाम वह बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान उधरनपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार



दी। हादसे में नितिन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायल को फर्स्ट एड दिया और उपचार के लिए सीएचसी बहजोई में भर्ती कराया। सीएचसी में चिकित्सकों ने घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन नितिन को इलाज के लिए राम मूर्ति अस्पताल, बरेली लेकर चले गए। घायल के भाई शीशपाल ने बताया कि सोमवार को भी नितिन का उपचार जारी है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के दौरान एंबुलेंस कर्मियों को घायल नितिन के पास 3020 रुपये नकद मिले। ईएमटी विजयपाल सिंह ने रुपये अपने पास रखने के बजाय उन्हें अस्पताल में चिकित्सक को सौंप दिया, ताकि घायल या उसके परिजनों तक सुरक्षित पहुंचाए जा सकें। बाद में घायल के भाई शीशपाल ने बताया कि रुपये उन्हें वापस मिल गए हैं। समय पर मौके पर पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिलाने और उसके रुपये सुरक्षित रखने को लेकर एंबुलेंस कर्मियों की कार्यशैली की सराहना की जा रही है। हादसे के बीच एंबुलेंस कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी के साथ मानवीय संवेदनशीलता और ईमानदारी का भी परिचय दिया।

भगत सिंह जयंती पर आप ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

एजेंसी

वाराणसी। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती के अवसर पर आम आदमी पार्टी की ओर से रविवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में वाराणसी में भी पार्टी के तत्वावधान में रक्तदान कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने शिविर में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। उनके अनुसार रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की मदद की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी और अन्य



चिकित्सा परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान महत्वपूर्ण है। युवाओं से रक्तदान की अपील कैलाश पटेल ने कहा कि भगत सिंह के विचारों और उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर युवाओं को सामाजिक कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने लोगों से समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को पार्टी की ओर से धन्यवाद दिया गया। प्रदेशभर में अभियान का दावा जिला महासचिव घनश्याम पांडेय ने बताया कि पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर यह अभियान प्रदेश के सभी 75 जिलों में आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं ने रक्तदान शिविरों में भाग लिया। आयोजकों के अनुसार अभियान का उद्देश्य रक्त की उपलब्धता में सहयोग करना और लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में पार्टी के मुकेश सिंह, मनीष गुप्ता, अब्दुल्लाह खान, रेखा जायसवाल, अर्चना श्रीवास्तव, देवकांत वर्मा, अमर सिंह पटेल, एजाज अहमद, रमेश कुमार, गुलाब सिंह राठौर, सरोज शर्मा, शारदा टंडन, कांता प्रसाद गिहार, डॉ. अहिल्या सिंह, चेत सिंह, शाहनवाज खान, प्रमोद श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, मंजू देवी और अनन्य पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अमरोहा में आज विधानसभा स्तरीय वृहद रोजगार मेला

अमरोहा (सब का सपना):- जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आज मंगलवार को विधानसभा स्तरीय एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला राज सेलिब्रेशन, नौगॉवा रोड अमरोहा के परिसर में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित होगा। मेले में निजी क्षेत्र की 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कंपनियां साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। 18 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक तथा समस्त व्यवसायों के आईटीआई उत्तीर्ण एवं अन्य योग्यताधारी पुरुष एवं महिला अभ्यर्थी इस मेले में भाग ले सकेंगे। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि यह रोजगार मेला युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

कंपनियां मौके पर ही साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया पूरी कर सकती हैं। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर समय पर पहुंचें। अधिकारियों ने कहा कि अधिक से अधिक युवा इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का प्रयास करें। यह मेला जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए स्वर्णिम अवसर साबित हो सकता है। सभी पात्र अभ्यर्थियों को अधिक संख्या में पहुंचने की सलाह दी गई है।

चुनाव आयोग पर कांग्रेस का हमला, राष्ट्रपति से की चार मांगें

बिजनौर (सब का सपना):- जिला कांग्रेस कमेटी बिजनौर की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस-ाआईआर) को लेकर अपनाई जा रही प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कांग्रेस ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली की जांच कराने और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा लिए गए निर्णयों पर पार्टी ने औपचारिक आपत्तियां दर्ज कराई हैं। एसआईआर



प्रक्रिया के तहत नए मतदाताओं को जोड़ने और सूची से नाम हटाने में पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्टी ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेता लगातार आवाज उठाते रहे हैं। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से चार प्रमुख मांगें कि गई। जिनमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हट-ाकर मुकदमा चलाया जाए। उनके कार्यकाल के निर्णयों और मतदाता सूचियों में किए गए बदलावों का व्यापक ऑडिट हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को प्रभावित करने के आरोपों की जांच कर कार्रवाई हो। निर्वाचन आयोग की आईटी प्रणाली को केवल दिल्ली तक सीमित न रखकर केंद्रीय और राज्य स्तर के निर्वाचन अधिकारियों के साथ पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए।ज्ञापन पर जिला अध्यक्ष शेर-वाज पठान समेत कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं के हस्ताक्षर हैं।

चांदपुर पुलिस का बड़ा एक्शन, अंतरजनपदीय बैटरी चोर गिरोह का पदार्फाश; चार गिरफ्तार, 27 बैटरी बरामद

फतेहपुर (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चांदपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना चांदपुर, जाफरगंज, सुल्तानपुर घोष और खागा क्षेत्र में हुई बैटरी चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 27 छोटी-बड़ी बैटरियां, चोरी में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन, चोरी के उपकरण और 6,040 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, दिनांक 27 सितंबर को रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मकरंदपुर चौराहे के पास से पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारों अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आकिब पुत्र साबिर (निवासी बड़ा कुआं जहानपुर, थाना



बिंदकी, उम्र करीब 22 वर्ष), आमिर पुत्र अजहर (निवासी लंका रोड बिंदकी, उम्र करीब 24 वर्ष), जावेद पुत्र गुलाम मोहम्मद (निवासी जहानपुर, थाना बिंदकी, उम्र करीब 28 वर्ष) और रवि गुप्ता पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता (निवासी मदनपुर, थाना राधानगर, उम्र करीब 28 वर्ष) के रूप में हुई है। उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 27 चोरी की बैटरियां, चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन (सफेद औरा व सफेद ब्रेजा कार), चोरी के उपकरण (03 पाना, 10 छोटे-बड़े रिंच, 01 पकड़, 01 प्लास व 02 पेचकस) तथा 6,040 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे एक संगठित गिरोह बनाकर जनपद फतेहपुर एवं आसपास के जनपदों में सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा, सोलर पंप सेट व अन्य वाहनों की बैटरियां चोरी करते थे। चोरी की बैटरियों को कबाड़ व्यापारी रवि गुप्ता को बेचकर प्राप्त धनराशि आपस में बांट लेते थे। अभियुक्तों ने थाना चांदपुर, जाफरगंज, सुल्तानपुर घोष व खागा (फतेहपुर) तथा थाना कोतवाली नगर व मौदहा (हमीरपुर) क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाएं स्वीकार की हैं। चारों अभियुक्तों के विरुद्ध पहले से भी कई अभियोग दर्ज हैं।

बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोगों में धारा 317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गिरफ्तारी करने वाली थाना चांदपुर पुलिस टीम को 25,000 रुपये के इनाम से पु-रस्कृत किया है।

भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत, चार घायल

फोरलेन के रास्ते निकल रहीं बसें, महिला-बुजुर्ग और बच्चे चौराहे पर उतरने को मजबूर

धामपुर/बिजनौर (सब का सपना):- बारिश के बीच धामपुर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा दुर्गा विहार कॉलोनी के सामने उस समय हुआ, जब नगीना की ओर से धामपुर आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी दिशा में पहुंच गई और सामने से आ रही कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में सवार लोगों को गंभीर चोटें आईं। हादसे में स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी



गौतम सैनी (23) और सुमित सैनी (24) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शुभम सैनी और बासु समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए मेरठ रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिए। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि सुमित सैनी चार बहनों का इकलौता भाई था और परिवार के लिए बड़ा सहारा था। दो युवकों की मौत की खबर से पूरे मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।

सेवा सम्मान समारोह में बीईओ प्रवीण शुक्ला एवं ज्ञान प्रकाश अवस्थी का किया गया सम्मान

बीईओ प्रवीण शुक्ला जी की कार्यशैली सराहनीय:- बीईओ ज्ञान प्रकाश अवस्थी

अमौली/फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के विकासखंड अमौली के बीआरसी सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी अमौली प्रवीण कुमार शुक्ला के देवमई पदस्थापित होने पर कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने की, जबकि संचालन शिक्षक उमेश कुमार त्रिवेदी ने किया। कर्मचारियों एवं शिक्षकों ने स्थानांतरित बीईओ एवं नवागंतुक बीईओ का फूल-माला एवं स्मृति चिह्न भेंट कर भव्य अभिनंदन किया। अपने स्वागत से अभिभूत होकर



प्रवीण कुमार शुक्ला ने कहा कि अनुशासन और नियमितता की देन है कि अल्प कार्यकाल में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग से विकासखंड की रैंकिंग जनपद स्तर पर प्रथम पंक्ति में पहुंची। उन्होंने सहयोग के लिए सभी शिक्षकों का आभार भी जताया। अध्यक्षता कर रहे नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने स्थानांतरित बीईओ की कार्यशैली को सराहनीय एवं अनुकरणीय बताते हुए सभी शिक्षकों से विकासखंड को अग्रिम पंक्ति में बनाए रखने हेतु सहयोग की अपील की। कार्यक्रम को नागेश प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह और राजेंद्र प्रसाद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एआरपी शैलेंद्र सचान, सुशील कुमार, वीरेंद्र सचान, प्रदीप शुक्ला, दयाराम, अनूप शुक्ला, सौरभ उमराव, कृपाराम, स-ुशील उत्तम, अशोक कुमार विद्यासागर, मयंक कटियार, अमित तिवारी, संगीता सिंह, अरुण कुमार मिश्रा, मोहसिन खान, रामकरण सहित शिक्षक समुदाय उपस्थित रहा।

गांव के जंगल में एक साथ दिखे दो गुलदार, ग्रामीणों में दहशत

वन विभाग को कई बार सूचना के बाद भी नहीं लगा पिंजरा, जंगल जाने से कतरा रहे ग्रामीण

स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम बुढ़नपुर में गांव से सटे जंगल में एक साथ दो गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। दो गुलदारों को एक साथ देखे जाने के बाद ग्रामीण जंगल की ओर जाने से भी डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इसी क्षेत्र में पहले भी कई बार गुलदार दिखाई दे चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव से सटे जंगल में गुलदारों की लगातार मौजूदगी के



चलते खेतों में काम करने वाले लोगों में भी भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि गुलदार दिखाई देने की सूचना पहले भी कई बार वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक सुरक्षा के लिए मौके पर पिंजरा नहीं लगाया गया है। एक साथ दो गुलदार दिखाई देने की घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, गश्त कराने और गुलदारों को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रह सकती है।

डीएम कार्यालय के सामने युवक ने डीजल डालकर आत्महत्या का किया प्रयास

तीन साल से जमीन के विवाद में न्याय न मिलने से था आहत, सुरक्षा कर्मियों ने माचिस छीनकर बचाई जान

फतेहपुर (सब का सपना):- जनपद के सदर तहसील स्थित कलेक्ट्रेट में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने डीएम कार्यालय के सामने अपने ऊपर डीजल डालकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक का आरोप था कि वह करीब तीन वर्षों से जमीन संबंधी मामले में न्याय के लिए अधिकारियों और थाना पुलिस के चक्कर लगा रहा है, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। युवक के डीजल डालने के बाद जैसे ही उसने



माचिस जलाने का प्रयास किया, डीएम कार्यालय में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल उसे पकड़ लिया और माचिस छीन ली। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक को समझाकर शांत कराया। बताया गया कि जमीन संबंधी विवाद को लेकर युवक लंबे समय से अधिकारियों के यहां शिकायतें कर रहा था। सुनवाई न होने से क्षुब्ध होकर उसने कलेक्ट्रेट पहुंचकर यह कदम उठाने का प्रयास किया। घटना के बाद कलेक्ट्रेट प-रिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

स्योहारा में जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व महिला से अभद्रता का आरोप; चार के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा

स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के थाना स्योहारा पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की नीयत से हमला करने के मामले में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, चार सितंबर 2026 को वादी ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी जलील अहमद, वकील पुत्र जमील अहमद, नबील पुत्र जमील



अहमद और मोमीन पुत्र जमील अहमद निवासी मोहल्ला शेखान, सहसपुर, थाना स्योहारा उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने एकराय होकर गाली-गलौज करते हुए वादी के पुत्र नदीम व शमीम पर धारदार हथियार एवं डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला किया। साथ ही वादी की पुत्रवधू के साथ अभद्र हरकत किए जाने का भी आरोप लगाया गया। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में मुकदमा अपराध संख्या 340/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित वकील पुत्र जमील अहमद तथा नबील पुत्र जमील अहमद, निवासी मोहल्ला शेखान, सहसपुर, थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक मामले में अन्य आवश्यक कार्रवाई प्रचलित है।

रोडवेज बसों की मनमानी से यात्री परेशान

फोरलेन के रास्ते निकल रहीं बसें, महिला-बुजुर्ग और बच्चे चौराहे पर उतरने को मजबूर

नगीना/बिजनौर (सब का सपना):- उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों के नगीना बस स्टैंड पर नहीं आने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का आरोप है कि नजीबाबाद, धामपुर और मुरादाबाद की ओर से आने वाली कई रोडवेज बसें नगीना बस स्टैंड में प्र-वेश करने के बजाय फोरलेन से ही निकल जाती हैं। बस चालक यात्रियों को बस स्टैंड तक ले जाने के बजाय सेंट मैरी स्कूल चौराहे अथवा नगीना कोतवाली मार्ग तिराहे के पास उतार देते हैं। यात्रियों के मुताबिक, दिन के साथ-साथ रात में भी बसों का बस स्टैंड से बाहर-बाहर निकलना जारी रहता है। इससे बस स्टैंड पर घंटों इंतजार करने वाले यात्रियों को मजबूरी में डग्गामार वाहनों, थ्री-व्हीलर और मैजिक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। रात के समय चौराहे पर उतरने वाली महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को आगे जाने के लिए वाहन नहीं मिलने पर पैदल सफर करना पड़ता है। चालक-परिचालकों पर बस की डिग्गी और सीटों के नीचे व्यापारिक सामान ले जाने के आरोप भी लगाए हैं। उनका कहना है कि सामान ढोने के कारण चालक-परिचालक नगीना जाने वाले यात्रियों को बस में बैठाने से कतराते हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बसों में बिना बिल अथवा बिना आवश्यक कर दस्तावेजों के व्यावसायिक सामान का परिवहन किया जा रहा है तो इससे परिवहन व्यवस्था के साथ-साथ संबंधित विभागों के राजस्व पर भी असर पड़ सकता है। लोगों ने संबंधित विभागों से बसों की जांच कराने की मांग की है। बताया जाता है कि मुरादाबाद डिपो से देहरादून, ह-रद्वार, सहारनपुर, रामपुर, बरेली और लखनऊ जाने वाली तथा उत्तराखंड प-रवहन निगम की हल्द्वानी, काशीपुर और रुद्रपुर आदि मार्गों की कुछ बसें नगीना बस स्टैंड के बजाय फोरलेन से निकल जाती हैं। यात्रियों का कहना है कि इस स्थिति के कारण नगीना आने-जाने वाले यात्रियों को नियमित प-रवहन सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय यात्रियों और नागरिकों ने सेंट मैरी चौराहे समेत प्रमुख स्थानों पर रोडवेज बसों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि संबंधित दोनों राज्यों के परिवहन अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण कर यह पता लगाना चाहिए कि बसें निर्धारित मार्ग और बस स्टैंड पर क्यों नहीं आ रही हैं तथा यदि किसी बस में नियम विरुद्ध सामान ले जाया जा रहा है तो उसके खिलाफ नियमानुसर का-र्रवाई की जाए। लोगों ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर यात्रियों की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

दिनदहाड़े युवक-युवती को बाइक सवारों ने जबरन बैठाया, मचा हड़कंप

दो बाइकों पर सवार चार युवकों ने की मारपीट, घटना का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

पावटी में युवक-युवती को जबरन ले जाने का मामला

पैजनिया/बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पावटी में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पैदल जा रहे एक युवक और युवती को दो बाइकों पर सवार चार युवक कथित तौर पर मारपीट करते हुए जबरन अपने साथ बैठाकर ले गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। घटना का कुछ ग्रामीणों द्वारा वीडियो भी बनाए जाने की बात सामने आई है। सूचना पर अम्हेड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई।

बताया गया कि सोमवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक एक युवती के साथ पैदल पास के गांव मुकरपुर सत्ती में अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से दो बा-इकों पर सवार चार युवक वहां पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवकों ने युवक-युवती के साथ मारपीट की और दोनों को जबरन बाइक पर बैठा लिया। इसके बाद उन्हें हल्दौर थाने ले जाने की बात कहते हुए बाइक सवार वहां से



तेजी से निकल गए।

घटना के दौरान युवक द्वारा शोर मचाते हुए बताया गया कि वह युवती के साथ मुकरपुर सत्ती में अपने मौसा अरविंद पेंटर के घर जा रहा था और वह स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर बुडेरन का रहने वाला है। आरोप है कि जब उसने अपना नाम बताने का प्रयास किया तो बाइक सवार एक युवक ने उसका मुंह भींच दिया। बाद में मुकरपुर सत्ती में युवक के एक रिश्तेदार ने उसकी पहचान सागर पुत्र पवन के रूप में बताई। बताया गया कि सागर रुड़की की किसी फैक्ट्री में नौकरी करता है। घटना में प्रयुक्त बताई जा रही बाइकों में एक बुलेट बाइक संख्या यूपी 15 एफजे 0806 तथा दूसरी पल्सर बाइक संख्या यूपी 15 एफबी 3692 बताई गई है।घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चचाएं और अफवाहें फैल गईं। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस वीडियो और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घटना की सूचना फोन के माध्यम से मिली है। प्राप्त वीडियो के आधार पर जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

दश लक्षण महापर्व के समापन पर निकाली गई गजरथ शोभायात्रा

नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):- दशलक्षण महापर्व के समापन पर सोमवार को नहटौर में भव्य गजरथ शोभायात्रा नगर में बड़े धूमधाम से निकाली गई। जिसमे कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। प्राप्त समाचार के अनुसार सौधर्म इंद्र की बोली मनोज कुमार, अरिहंत जैन, भगवान के रथ के सारथी की बोली आयुष जैन पंकज जैन ने प्राप्त की। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। बोली का कार्यक्रम आयोजित किया गया, धन कुबेर की बोली अंकुश जैन पंकज जैन, ऐरावत हाथी की बोली आदि जैन पुत्र सौरभ जैन, आढ़ती ने तथा सर्वप्रथम श्री जी की आरती की। रथयात्रा का शुभारंभ जैन मंदिर



से किया गया। शोभायात्रा में सबसे आगे ध्वज लिए हुए युवक चल रहा था। शोभायात्रा में देश भक्ति रोड शो, अहिंसा परमो धर्म ध्वज, ठेला पाडला वाले बाबा, रोड शो डांडिया, ठेला अहिंसा परमो धर्म, ऐरावत हाथी रन बिष्ट, रोड शो राजस्थानी नृत्य, पालकी झांकी, दो हाथियों वाला स्वर्ण रथ, शोभायात्रा में भगवान महावीर भगवान बाहुबली गडुलाना अहिंसा परमो धर्म पाडले वाले बाबा बलदाने वाले बाबा, 7 हाथी वाला रथ मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा में स्वर्ण रथ पर सौधर्म इंद्र सवार थे। समाज के लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे। शोभायात्रा पंचायती मंदिर, होली चौक, सराय जौखा धर्मशाला, होलियान, चौधरियान, सब्जी मंडी, हलवाईयान, कालू की आढ़त, आढ़त, ऐंजसी चौराहा से होती हुई जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जाकर पहुंची। वहां जाकर पांडू शिला पर पहुंच कर मनोज कुमार, अरिहंत जैन, समाज के लोगों ने पूजा अर्चना करके अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की।

जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेले का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिगंबर जैन विद्या मंदिर के प्रबंधक राजीव जैन, डॉ. अंकुर जैन, अभिनव जैन, वंश जैन श्रेयांश जैन, संदीप जैन, अनुराग जैन अशोक जैन, दीपक जैन, लोकेश जैन, विनय जैन, विजय जैन, अजय जैन, पंकज जैन, सत्य जैन, वैभव जैन, आदेश जैन, सनी जैन, वंश जैन, राजेश जैन, शालु जैन, नितिन जैन, शुभम जैन, ऋषभ जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष सिद्धांत जैन आदि रहे।



अच्छी केमेस्ट्री का मतलब रोमांस नहीं होता

टेलीविजन से अपने करियर की शुरुआत करने वाले रोहित सराफ ने 'स्काई इज पिंक' से पहचान हासिल की और देखते ही देखते अपने क्यूट लुक और 'मिसमैच्ड' में दमदार अभिनय से नैशनल क्रश बन गए। इन दिनों उन्हें सीरीज 'द रिवॉल्यूशनरीज' से काफी तारीफें मिल रही हैं। इस रोल के लिए उन्होंने शारीरिक रूप से ट्रांसफॉर्मेशन भी किया है। इस खास बातचीत में वे अपनी और साथी कलाकार प्रतिभा रांटा के साथ अफेयर की अफवाहों, अपनी क्रेजी फैंस और माता-पिता के बारे में दिल खोलकर बातें करते हैं।

रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा की डेटिंग की अफवाहें सोशल मीडिया पर काफी समय से चल रही हैं। वेब सीरीज द रिवॉल्यूशनरीज़ में दोनों के लव एंगल को काफी पसंद भी किया गया। मगर रोहित इन अफवाहों को खारिज करते हुए कहते हैं, 'बिलकुल गलत है, ये महज रूमर्स हैं। देखिए, जब भी आप रोमांस जॉनर में दो एक्टर्स को साथ देखते हैं और वो स्क्रीन पर साथ दिखाई देते हैं, तो मुझे लगता है कि ये अपने आप हो जाता है। ऐसा हर जगह और हर किसी के साथ होता है। मतलब, मैं किसी के साथ भी नजर आऊंगा तो कभी न कभी कोई न कोई ऐसी बात शुरू हो जाएगी। इन सब चीजों को बिल्कुल भी सीरियसली लेने की जरूरत नहीं है।'

दो एक्टर्स एंजॉय करते हैं

उन्होंने आगे कहा, 'मैं सबको बताना चाहूंगा कि यह हमारे लिए थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण भी है, क्योंकि लोग यह सोचते हैं कि हम ही ये सब कर रहे हैं। लेकिन असल में ऐसा बिल्कुल नहीं है। जब दो एक्टर्स साथ काम करते हैं और उनके बीच एक अच्छी एनर्जी होती है, तो स्क्रीन पर उनकी केमिस्ट्री दिखाई देती है। हमारी भी स्क्रीन पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री है, लेकिन केमिस्ट्री का मतलब हमेशा रोमांस नहीं होता। इसका मतलब सिर्फ इतना भी हो सकता है कि दो एक्टर्स साथ में काम करते हुए एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा समय बिता रहे हैं और अपने किरदार को एंजॉय कर रहे हैं।

मॉम के लिए वो किसी सपने जैसा था

दिल्ली में पले-बढ़े रोहित उस वक्त महज 12 साल के थे, जब उनके पिता गुजर गए थे, मगर रोहित अपनी सफलता में पिता का हाथ जरूर मानते हैं। वे कहते हैं, 'मुझे पूरा विश्वास है कि मेरी जिंदगी में आज जो भी हो रहा है, वो मेरे पापा की वजह से हो रहा है। मैं पिछले 15 साल से यहां हूं और सौभाग्य से मेरे लिए ये सफर बहुत खूबसूरत रहा है। मुझे बहुत ही अच्छे, सपोर्टिव और खूबसूरत लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। इस दौरान मेरे सामने जो भी संघर्ष आए, शायद मेरे अंदर उन्हें झेलने और उनका सामना करने की क्षमता थी। मैं आगे भी इसी तरह उन चुनौतियों का सामना करता रहूंगा और इसके लिए मैं अपनी सारी सफलता का श्रेय अपने पिता को देता हूं। मुझे लगता है कि वही हैं, जिनका हाथ हमेशा मेरे सिर पर रहा है और उन्हीं के आशीर्वाद की वजह से मैं आज यहां हूं।'

मां ने दी सबसे बड़ी सीख

जहां तक मेरी मॉम का सवाल है, तो अपनी फिल्म द स्काई इज पिंक के प्रमोशन के दौरान मैं नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी में था और वहां हजारों लोग मेरा नाम लेकर चिल्ला रहे थे। उस वक्त प्रियंका चोपड़ा ने मुझे स्टेज पर इंट्रोडयूज भी करवाया। वो विडियो लाइव था और मेरी मॉम भी उसे देख रही थीं। मेरी मॉम ने बाद में मुझे बताया कि उन्हें ऐसा लगा मानो वे उस सपने को जी रही हों। इन सारे अहसासों को मैं अपने साथ लेकर चलता हूं। जानता हूं कि अभिनय के क्षेत्र में बने रहना कितना मुश्किल होता है।'





तेलुगु इंडस्ट्री में लोग सिनेमा को सेलिब्रेट करते हैं

डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल ने करियर में कई तरह के पड़ाव देखे हैं। डांस रियलिटी शो से पहचान बनाने के बाद उन्होंने टीवी होस्ट के तौर पर अलग जगह बनाई और फिर फिल्मों की दुनिया में कदम रखा। अब राघव अपने करियर का एक और नया चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं। वह पहली बार तेलुगु सिनेमा में नजर आने वाले हैं और इस सफर ने उन्हें काफी कुछ नया सीखने का मौका दिया है। उन्हें तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री का काम करने का तरीका काफी पसंद आया। राघव नानी स्टारर फिल्म 'द पैराडाइज' में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्देशन श्रीकांत ओडेला कर रहे हैं और राघव इसमें विक्रम मलिक का किरदार निभा रहे हैं। तेलुगु इंडस्ट्री में पहली बार काम करने के अनुभव के बारे में बात करते हुए राघव ने कहा, ''मैंने वहां सिनेमा को लेकर एक अलग ही जुनून देखा। वहां लोग सिर्फ एक प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए काम नहीं करते, बल्कि इस सिनेमा को सेलिब्रेट करते हैं।'' राघव ने कहा, ''इस फिल्म के दौरान मैंने एक ऐसी चीज महसूस की, जिसे मैं अपने काम में भी शामिल करना चाहता हूं। तेलुगु इंडस्ट्री में लोग सिनेमा की बहुत इज्जत करते हैं। खास तौर पर फिल्म के हर टेक्नीशियन को मिलने वाला सम्मान देखकर मैं भावुक हो गया। एक पल ऐसा आया कि मेरी आंखों में आंसू आ गए, जब मैंने देखा कि वहां फिल्म के साउंड इंजीनियर तक को उतनी ही अहमियत दी जाती है, जितनी किसी बड़े कलाकार को।'' राघव ने कहा, ''वहां दर्शक भी फिल्म से जुड़े लोगों को पहचानते हैं। दर्शकों को पता होता है कि साउंड इंजीनियर कौन हैं। मेरे लिए यह अनुभव काफी खास था, क्योंकि इससे मुझे समझ आया कि फिल्म सिर्फ हीरो या हीरोइन की वजह से नहीं बनती, बल्कि उसके पीछे काम करने वाले हर व्यक्ति का योगदान होता है। वहां लोग सेट पर केवल अपना काम खत्म करने के इरादे से नहीं आते। वह सिनेमा को सेलिब्रेट करने के लिए आते हैं। यही वह चीज है जो मैंने तेलुगु इंडस्ट्री से सीखी और अब मैं चाहता हूं कि मेरे काम में भी यह सोच दिखाई दे।'' राघव ने फिल्म के निर्देशक श्रीकांत ओडेला की भी तारीफ की है। वह उन्हें प्यार से 'श्रीकांत दादा' कहकर बुलाते हैं। राघव ने बताया, ''श्रीकांत का मुझ पर काफी गहरा असर पड़ा है। इस फिल्म के जरिए मैं पहली बार तेलुगु फिल्मों में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रहा हूं और निर्देशक के साथ काम करना मेरे लिए खास अनुभव रहा।'' 'द पैराडाइज' में राघव और नानी के अलावा मोहन बाबू, सोनाली कुलकर्णी और संपूर्णेश बाबू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।



ईश्वर के आशीर्वाद के रूप में मिला 'श्री रामायण कथा' में माता सीता का रोल

अभिनेत्री अंजलि अरोड़ा आगामी पौराणिक फिल्म 'श्री रामायण कथा' में माता सीता का किरदार निभाने वाली है। अभिनेत्री का मानना है कि यह रोल उन्हें भगवान राम और हनुमान जी के आशीर्वाद से मिला है। अभिनेत्री ने बातचीत में बताया कि वे हर मंगलवार को हनुमान मंदिर जाती हैं और प्रार्थना करती हैं कि जो चीज उनके हक की है, वही उन्हें मिले। साथ ही अभिनेत्री ने उस पल को भी याद किया जब निर्देशक अभिषेक सिंह उनके पास इस रोल के लिए आए थे और उन्हें माता सीता के रूप में उनकी एआई से बनी तस्वीर दिखाई थी। अभिनेत्री ने कहा, 'जब मेरे लिए यह रोल मेकर्स लेकर आए, तो उन्होंने मुझे मेरी फोटो का एआई वर्जन दिखाया, जिसे देखकर मुझे हंसी आ गई थी। मैं खुद को पहचान भी नहीं पा रही थी। तो सर ने कहा, 'हां ये तुम ही हो।' शुरुआत में तो मैंने सर से कहा भी था कि क्या आपको सच में लगता है कि मैं ये रोल कर पाऊंगी, तो सर ने मुझसे कहा था कि तुम कर सकती हो।' अभिनेत्री अंजलि अरोड़ा ने बताया कि उन्होंने काफी समय लेने और सोचने के बाद ही इस रोल के लिए हामी भरी थी। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैंने थोड़ा समय लिया, मैंने सोचा कि अगर मुझे ये चीज मिल रही है तो शायद ये एक आशीर्वाद है। क्योंकि मैं हमेशा हर मंगलवार को हनुमान मंदिर जाती हूं और मैं हमेशा प्रार्थना करती हूं कि मुझे वही मिले जो मेरे हक का है। तो शायद उन्होंने ही आशीर्वाद के रूप में मुझे ये रोल दिया है।' अभिनेत्री का कहना है कि



उन्होंने मां सीता के रोल को पूरी ईमानदारी से निभाने की कोशिश की है। साथ ही, मां सीता से जुड़े गुणों को समझने पर काम किया है। अभिनेत्री ने कहा, 'मैंने इसे पूरी तरह से खुद निभाने की कोशिश की है। सीता माता का हर गुण, उनका धैर्य, त्याग, हर धर्म के पालन को निभाने की कोशिश की है। जब आप मेरे द्वारा निभाए रोल को सिनेमा में देखेंगी, तो आप बता पाएंगी कि कैसी परफॉर्मेंस है। हर एक्टर खुद परफॉर्म करता है और अपना बेस्ट देता है। अब ये दर्शकों के हाथ में है कि वो इसे स्वीकार करते हैं या नहीं, क्योंकि उन्हें ये पसंद आ भी सकता है और नहीं भी। हम एक एक्टर के तौर पर, हमें जो किरदार दिया गया है, हम उसके साथ न्याय कर रहे हैं या नहीं, ये हम पर है।'



ललकारा के बाद 3 इडियट्स के सीक्वल की शूटिंग शुरू करेंगे आमिर

साल 2009 की ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल की शूटिंग अप्रैल 2027 से शुरू हो सकती है। निर्देशक राजकुमार हिरानी इस समय फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आमिर खान फरवरी में फिल्म की फाइनल स्क्रिप्ट पढ़ेंगे, जिसके बाद प्रोजेक्ट पर आधिकारिक काम आगे बढ़ेगा।

इस सीक्वल में आमिर खान के साथ करीना कपूर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की मुख्य स्टारकास्ट के दोबारा साथ आने की उम्मीद है। '3 इडियट्स' का सीक्वल फिलहाल राइटिंग स्टेज में है। राजकुमार हिरानी और उनकी टीम अगले साल की शुरुआत में स्क्रिप्ट का फाइनल ड्राफ्ट तैयार कर लेगी। आमिर खान फरवरी में इस स्क्रीनप्ले को पढ़ेंगे और अपनी सहमति देंगे। आमिर खान की मंजूरी मिलने के तुरंत बाद मेकर्स अप्रैल 2027 में फिल्म को फ्लोर पर ले जाने का प्लान बना रहे हैं। सीक्वल में 2009 की मूल फिल्म के मुख्य कलाकारों को फिर से एक साथ पर्दे पर लाने की योजना है। फिल्म में आमिर खान (रैंचो), आर माधवन (फरहान) और शरमन जोशी (राजू) की लोकप्रिय तिकड़ी के साथ करीना कपूर खान (पिया) भी अपनी भूमिकाओं में नजर आ सकती हैं। 2009 में रिलीज हुई '3 इडियट्स' ने बॉक्स ऑफिस पर कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए थे।

अक्टूबर से 'ललकारा' की शूटिंग में बिजी होंगे आमिर खान

'3 इडियट्स' के सीक्वल से पहले आमिर खान निर्देशक आशुतोष गोवारिकर की स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म 'ललकारा' की शूटिंग पूरी करेंगे। वे इसी साल अक्टूबर से मार्च 2027 तक 'ललकारा' के शूटिंग शेड्यूल में बिजी रहेंगे। यह फिल्म 1952 में पाकिस्तान के खिलाफ हुई ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज और भारतीय क्रिकेट टीम के तत्कालीन कप्तान लाला अमरनाथ की कहानी पर आधारित है।

पूजा मेरी जान

मुसीबत में फंसी मृणाल ठाकुर मदद को आगे आईं हुमा कुरैशी

मृणाल ठाकुर की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'पूजा मेरी जान' इस अक्तूबर ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले दिनेश विजान और अमर कौशिक द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म एक ड्रामा है। यह दर्शकों को कुछ असहज सच का सामना कराने की कोशिश करती है। इसमें हुमा कुरैशी और विजय राज भी हैं। दो मिनट 18 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि पूजा (मृणाल ठाकुर) अपने एक करीबी दोस्त के रोमांटिक प्रस्ताव को ठुकरा देती है। इसके बाद वह खुदकुशी कर लेता है। इसके बाद परेशान करने वाली घटनाओं का एक सिलसिला शुरू हो जाता है। सारे इल्जाम पूजा पर लगते हैं। उसे ही कटघरे में खड़ा किया जाता है।

ट्रेलर देख कर लगता है कि फिल्म पूजा के साथ होने वाली कुछ परेशान करने वाली घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमेगी। यह रिजेक्शन, जुनून, सहमति और असल में क्या हुआ था, जैसे मुद्दों पर सवाल उठाएगी। ट्रेलर में कोई आसान जवाब नहीं है। इसके बजाय, यह बेचैनी, मकसद और नतीजों पर फोकस करता है।

वकील के किरदार में हुमा कुरैशी

ट्रेलर में हुमा कुरैशी ने वकील सना का किरदार निभाया है, जो पूजा के साथ हुई घटनाओं की कड़ियों को जोड़ने और उससे जुड़े अलग-अलग दावों की सच्चाई जानने की कोशिश करती है। उनका किरदार फिल्म में सस्पेंस पैदा करता है। सना अलग-अलग बयानों के बीच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करती हैं, जबकि कहानी में सच का पता लगाना मुश्किल बना रहता है।

कब रिलीज होगी फिल्म

'पूजा मेरी जान' का एलान 2022 में हुआ था, लेकिन यह लगभग चार साल तक रिलीज नहीं हो पाई। यह 2 अक्तूबर, 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। नवजोत गुलाटी की निर्देशन में बनी फिल्म में चैतन्य वियास, विक्रम चौहान और राजेश जैस भी हैं।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।